# ओपन बुक परीक्षा के महत्वपूर्ण निर्देश दि. 2020

कोरोना वायरस महामारी को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्णय लिया है कि शैक्षणिक सत्र 2019-2020 के लिए वैकल्पिक तौर पर ओपन बुक एग्जाम (OBE) का आजोयान किया जाएगा। स्नातक स्तर के लिए सभी छात्रों की परीक्षाएं 12 दिसंबर 2020 से प्रारंभ होंगी जिसकी डेट शीट दिल्ली विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.du.ac.in) पर उपलब्ध है।

कॉलेज के नियमित स्नातक छात्र और पिछले सेमेस्टर / टर्म / साल में एसेंशियल रिपीट (ER) प्राप्त छात्रों को परीक्षा में बैठने की इजाज़त दी जाएगी जिन्होंने ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरा है। छात्रों को डेट शीट के अनुसार और परीक्षा फॉर्म पर जो कोर्स भरा होगा उसके अनुसार उन्हें घर से या किसी ऐसी जगह से परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी, दिशा निर्देशों के अनुसार।
चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के सभी पूर्व छात्र, तृतीय वर्ष सेमेस्टर स्कीम में वर्ष 2014 में नियमित दाखिला लेने वाले छात्र भी डेट शीट के अनुसार परीक्षा में बैठ सकते हैं। ये छात्र दाखिले के दौरान दिए गए उपयुक्त पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा में बैठ सकते हैं।
छात्रों को सलाह दी जाती है कि नीचे दिए गए बिंदुओं पर ध्यान दें -

1- सभी छात्र अपने संबंधित कोर्स के लिए परीक्षा का फॉर्म विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर जाकर जमा करेंगे।

2- परीक्षा के सुचारू रूप से चलने हेतु सभी छात्र कॉलेज के आधिकारिक ईमेल आईडी (online.kncexam@gmail.com) या SMS/ WhatsApp (9999574594/8586896244) के जरिए संपर्क में रहेंगे ।

3- छात्रों को प्रश्न पत्रों की प्राप्ति निर्धारित पोर्टल से डेट शीट के अनुसार डाउनलोड किया जा सकता है।

4- छात्रों  को प्रश्नों के जवाब A4 साइज के सादा पेपर के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या लिखनी अनिवार्य है। पहले पृष्ठ पर निम्नलिखित जानकारी होनी चाहिए -

a) परीक्षा की दिनांक और समय ( DD/MM/YYYY;Hrs:Min):

b) परीक्षा का रोल नंबर

c) प्रोग्राम का नाम ,जैसे - B.A./B. Com./B.Sc.(Hons./ Program):

d) सेमेस्टर

e) युनिक पेपर कोड (UPC):

f) पेपर का शीर्षक

g) कॉलेज का नाम

h) छात्र की ईमेल आईडी -

i ) छात्र का मोबाइल नंबर

5 - अगर छात्रों को परीक्षा पत्र को डाउनलोड करने में मुश्किलआती है तो कॉलेज से ईमेल  SMS / WhatsApp के ज़रिए तुरंत संपर्क करें . कॉलेज से मदद लेने के दौरान छात्रों को अपना कोर्स, पेपर, ईमेल आईडी और फोन नंबर बताना होगा.

6- OBE परीक्षा की पूर्ण अवधि चार घंटे की होगी , जिनमें से तीन घंटे छात्र को प्रश्नों के जवाब लिखने के लिए देने के लिए दिए जाएंगे और अतिरिक्त एक घंटा प्रश्न पत्र को डाउनलोड करने और स्कैन किए गए उत्तर पुस्तिका को अपलोड करने के लिए दिया जाएगा।

7- छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका प्रश्नों के अनुसार क्रमशः लगाकर PDF के रूप में पोर्टल पर जमा करनी होगी। हर उत्तर पुस्तिका का साइज निर्धारित 7MB के अन्तर्गत ही होना चाहिए। केवल PDF फॉर्मेट जिसमें कोई पासवर्ड ना हो , स्वीकार किया जाएगा। उत्तर पुस्तिका को पोर्टल पर जमा करने के बाद सिस्टम द्वारा उत्पन्न हुई स्वीकृति छात्र के दर्ज किए गए ईमेल पर भेजी जाएगी।

8-अगर किसी छात्र को उत्तर पुस्तिका अपलोड करने में परेशानी होती है तो वो परीक्षा समाप्त होने से 10 मिनट पहले तक कॉलेज से सम्पर्क करे। अगर तय समय में छात्र पेपर जमा नहीं कर पाते हैं तो छात्र को दस्तावेज़ी प्रमाण के साथ जमा करने की सलाह दी जाती है। विलंबित समय में उत्तर पुस्तिका जमा करने की अधिकतम अवधि 60 मिनट है। हालांकि ऐसे सभी केस रिव्यू कमिटी द्वारा जांचे जाएंगे और इनका मूल्यांकन भी रिव्यू कमिटी के निर्णय के अनुसार ही किया जाएगा। उत्तर पुस्तिका जमा करने का समय सिस्टम द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा। सभी उत्तर पुस्तिका पोर्टल पर जमा की जाएंगी। किसी और माध्यम से जमा की गई उत्तर पुस्तिका को किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं माना जाएगा।

9. यदि किसी छात्र ने आफ लाइन (कालेज) में परीक्षा देने के लिए फार्म में विकल्प भरा है तब वह आन लाइन (घर) से परीक्षा देने का विकल्प चुन सकता है मगर Remote mode(घर) से चुने गये विकल्प से आफ लाइन ( कालेज) का विकल्प नहीं ले सकते। छात्र यदि आफ लाइन (कालेज) में परीक्षा दे रहे हैं तब वे अपने घर से लाए A4 साइज के सफेद सादा कागज़ पर परीक्षा देंगे। कालेज को निम्न

ईमेल पर 9 दिसम्बर 2020 बुद्धवार तक सूचित करना अनिवार्य होगा। (online.kncexam@gmail.com)

10. छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका पर अपना नाम और परीक्षा का रोल नंबर लिखना आवश्यक होगा।

11. छात्रों को सलाह दी जाती है कि विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट से ही सूचनाएँ लें।

12. छात्र सावधानी से निर्देशों को पढ़ कर उनका उपयोग करते हुए जिम्मेदारी से सही प्रश्न पत्र डाउनलोड करके अपेक्षित फार्मेट के अनुसार समय से उत्तर पुस्तका जमा करें। OBE पोर्टल के निर्देश विश्वविद्यालय के निम्न साइट पर हैं। (https://obe.du.ac.in/)

परीक्षा सत्र का समय 9:30- 1:30

9:30- 10:00 - प्रश्नपत्र डाउनलोड
10:00-1:00- परीक्षा देने का समय
1:00 - 1: 30- उत्तर पुस्तिका जमा करने(अपलोड)

परीक्षा सत्र समय 2:30- 6:30

2:30- 3:00- प्रश्नपत्र डाउनलोड
3:00- 6:00- परीक्षा देने का समय
6:00:- 6:30- उत्तर पुस्तिका जमा करने(अपलोड)

13. दिव्यांग (PwBD) कैटेगरी के छात्रों को अधिक समय के साथ और सुविधाएं भी विश्वविद्यालय के नियम अनुसार दी जाएंगी। इस संबंध में छात्रों को सलाह है कि निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें -

- PwBD कैटेगरी के छात्रों के लिए , OBE परीक्षा की पूरी अवधि छह घंटों की होगी जिसमें तीन घंटे परीक्षा को हल (अटेम्प्ट) करने के लिए दिए जाएंगे। एक घंटा प्रश्नपत्र को डाउनलोड करने के लिए और स्कैन

की गई उत्तर पुस्तिका को अपलोड करने के लिए दिया गया है। साथ ही प्रत्येक घंटा पर 20 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। इसके अलावा विशेष प्रावधान के तहत एक घंटा और दिया जाएगा।

- छात्र की ज़रूरत के अनुसार PwBD कैटेगरी के लिए लेखकों / लिखने वाले को  उपलब्ध कराया जाएगा। छात्र को अपने कॉलेज की प्राचार्या से इस आवश्यकता के विषय में अनुरोध भेजना होगा।

- नेत्रहीन छात्रों के पास विकल्प होगा कि वे परीक्षा कम्प्यूटर पर टाइप कर के दे सकते हैं और परीक्षा खत्म हो जाने पर फाइल को पीडीएफ फॉर्मेट में जमा कर सकते हैं और फिर उत्तरपुस्तिका को जमा (अपलोड) कर सकते हैं।

- सभी PwBD छात्रों को परीक्षा पत्र ईमेल के जरिए प्राप्त होगा और उनके पास विकल्प होगा कि उत्तर पुस्तिका को पोर्टल पर डाउनलोड कर लें या उस समय दी गई ईमेल आईडी पर मेल कर दें। हालांकि दोनों में से एक तरीके का इस्तेमाल ही किया जा सकता है। ईमेल की सुविधा केवल PwBD छात्रों के लिए ही उपलब्ध है।
हम आप सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।
डा. कल्पना भाकुनी
प्राचार्या
कमला नेहरू कालेज

Last modified: 8 Dec 2020